607

52

जिल्ला शिक्षणाधिकारी कार्यालय, अहमदाबाद शहर एवं परीक्षा संकलन समिति, अहमदाबाद शहर

प्रि-बोर्ड परीक्षा - 2025

कक्षा 10

दिनांक : 21-01-25

समय : 8:00 से 11:15 **सामाजिक विज्ञान 10 (H)** कुल अंक : 80

सूझावों : (1) इस प्रश्नपत्र में चार खण्ड और 54 प्रश्न हैं। (2) कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिया गया है। (3) प्रश्नों के दाईं ओर अंक (गुण) दर्शाता है। (4) प्रश्न संख्या 38 और 54 में केवल दृष्टिबाधित छात्रों के लिए अलग अलग प्रश्न हैं। (5) प्रश्न संख्या 54 मानचित्र प्रश्न अनिवार्य है।

विभाग - A

❖ **निम्नलिखित प्रश्न 1 से 24 तक सूचना के अनुसार उत्तर लिखिए : (प्रत्येक का 1 अंक)** [24]

- **सही जोड़े बनाइए ।**

(A)	(B)
(1) उत्तरार्ध नृत्य महोत्सव	(A) कुंतासी
(2) पढ़ार नृत्य	(B) जैव आरक्षित क्षेत्र
(3) मोरबी	(C) मोढेरा
(4) मन्नार की खाड़ी	(D) सुरेन्दनगर
(5) माकुम	(E) खनिज तेल

(a) (1–B), (2–A), (3–E), (4–D), (5–C)
(b) (1–A), (2–B), (3–D), (4–C), (5–E)
(c) (1–D), (2–E), (3–C), (4–A), (5–B)
(d) (1–C), (2–D), (3–A), (4–B), (5–E)
(e) (1–E), (2–B), (3–C), (4–A), (5–D)

- **निम्नलिखित कथन सत्य है या गलत :**

(6) ह्युमस एक अजैविक घटना है जिसमें निरंतर जैविक जैव रासायनिक और रासायनिक प्रक्रियाएँ होती रहती है।
(7) स्थानीय केंचुए मिट्टी में गहराई तक जाते हैं और खनिज से समृद्ध विष्ठा (मल) छोड़ते हैं।
(8) मोटरसाइकिल चालक ओर पीछे बैठनेवाले को हेलमेट पहनना अनिवार्य है।
(9) रुस का उच्चतम मानव विकास वाले देशों में समावेश होता है।
(10) आतंकवादी, प्रकृति के 'जियो और जीने दो' का खुलेआम उल्लंघन करते है।

- **उचित विकल्प चुनकर निम्नलिखित रिक्त स्थान भरें :**

(11) अल्पसंख्यको के हितों, कल्याण और विकास के लिए ..... आयोग की रचना की गयी है। (वैश्विक अल्पसंख्यक, राज्य अल्पसंख्यक, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक)
(12) A.T.T.F. विद्रोह संगठन ..... राज्य में कार्यरत है। (मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा)
(13) विश्व का सबसे बड़ा महाकाव्य ग्रंथ ..... है। (ऋग्वेद, महाभारत, रामायण)
(14) कावेरी नदी में से ..... प्रसिद्ध नहर का निर्माण दूसरी सदी में हुआ था। (पूर्वी यमुना, ग्रान्ड एनीकट, गोदावरी)
(15) देश मे आज आकाशवाणी के ..... स्टेशन है। (154, 415, 514)

- **निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए :**

(16) सही क्रम चुनकर योग्य जोड़े बनाओ ।

(A)	(B)
(1) श्री हेमचंद्राचार्य ग्रंथालय	(A) मुंबई
(2) भारतीय संग्रहालय	(B) भोपाल
(3) छत्रपति शिवाजी महाराज संग्रहालय	(C) पाटण
(4) राष्ट्रीय मानव संग्रहालय	(D) कोलकाता

(A) (1 – C), (2 – D), (3 – A), (4 – B)
(B) (1 – A), (2 – B), (3 – D), (4 – C)
(C) (1 – B), (2 – D), (3 – C), (4 – A)
(D) (1 – A), (2 – C), (3 – B), (4 – D)

(17) निम्नलिखित बहुउद्देशीय योजनाओं को उनके स्थान के आधार पर उत्तर से दक्षिण दिशा की ओर सही क्रम लगाने पर कौन सा विकल्प सही ज्ञात होता है ?
(A) चंबल घाटी, भाखड़ा-नांगल, नर्मदा घाटी, नागार्जुन सागर
(B) भाखड़ा-नांगल, चंबल घाटी, नर्मदा घाटी, नागार्जुन सागर
(C) नर्मदा घाटी, भाखड़ा-नांगल, नागार्जुन सागर, चंबल घाटी
(D) नागार्जुन सागर, नर्मदा घाटी, चंबल घाटी, भाखड़ा-नांगल

(18) आज भी भारत के कितने प्रतिशत शहरों में पेयजल की तीव्र कमी है ?
(A) 7 % (B) 8 % (C) 9 % (D) 10 %

(19) नीचे दी गई प्रवृत्तिओं में से कौन-सी एक आर्थिक प्रवृत्ति है ?
A – स्कूल में मधुसूदन सर पढ़ाते है। B – प्रकाशभाई खेत में काम करते है।
C – अशोकभाई जहाज़ से अमेरिका में चीजवस्तु भेजते है। D – आरतीबहन बगीचे में फूलों को पानी देती है।
(1) A, B और C (2) B, C और D (3) केवल D (4) B और D

(20) भारी वाहन चलाने का लाइसेंस कितने वर्ष की उम्र के बाद मिल सकता है ?
(A) 16 (B) 14 (C) 20 (D) 24

• **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो शब्दो में लिख :**

(21) किस रेलवे ने दुर्गम पर्वतीय क्षेत्रो में सुरंगो के माध्यम से मार्ग बनाकर श्रेष्ठ इंजीनियरिंग कौशल का दृष्टांत दिया है ?
(22) रेलवे मार्गो में भारत का विश्व में कौन सा स्थान है ?
(23) समाजवादी पद्धति में उत्पादन के साधनों की मालिकी किसकी होती है ?
(24) जिस देश में हम निवास करते हैं उस देश ने कौन सी आर्थिक पद्धति अपनाई है ?

विभाग - B

❖ **नीचे दिए गए कुल तेरह प्रश्नों में से किन्हीं नौ प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (प्रश्न 25 से 37) (प्रत्येक के 2 अंक)** [18]

(25) भारतीय विरासत की देखभाल और संरक्षण संबंधी हमारे संवैधानिक कर्तव्य बताइए ।
(26) हम ने नदी को 'लोकमाता' का सम्मान दिया है । समझाइए ।
(27) 'कथन करे सो कथक कहावे' उक्ति समझाइए ।
(28) काष्ठकला के विकास के बारे में समझाइए ।
(29) एलीफन्टा की गुफाओं के विषय में बताओ ।
(30) निर्वनीकरण (जंगल विनाश) अर्थात् क्या ?
(31) पट्टदकल के विषय में जानकारी दीजिए ।
(32) पारिभाषिक शब्दों के अर्थ : (1) बायोगेस (2) खनिज संरक्षण
(33) भारत में तांबा उत्पादक राज्यो को बताओ ।
(34) मुझे पहचानो : (1) डेनिम सिटी ऑफ इन्डिया (2) भारत की 'सिलिकोन वेली'
(35) आज भारत का कापड उद्योग कौन-कौन-सी समस्याओं का सामना कर रहा है ? समझाइए ।
(36) कौन सी विचारधारा समाज को विभाजन की तरफ ले जाती है ?
(37) 'मुंबई प्राकृतिक इतिहास समिति' की रचना कब हुई थी ? वह क्या कार्य करती है ?

विभाग - C

❖ **नीचे दिए गए नौ प्रश्नों में से किन्ही छः प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (प्रश्न 38 से 46) (प्रत्येक के 3 अंक)** [18]

(38) नीचे दिए गए चित्र को देखकर प्रश्नों के उत्तर लिखो ।



1. यह कौन से स्थापत्य का चित्र है ?
2. यह स्थापत्य कौन से राज्य मे स्थित है ?
3. इस स्थापत्य को मुख्य विशिष्टता क्या है ? **अथवा**

(केवल दृष्टिहीन विद्यार्थियों के लिए)

(38) दक्षिण भारत की द्रविड शैली ।
(39) भारत में विभिन्न स्थानों पर स्थित जैनि मंदिरो का परिचय दीजिए ।
(40) वाराणसी एक तीर्थस्थान के रूप में प्रसिद्ध है । समझाइए ।
(41) जमीन कटाव रोकने के उपाय बताइए ।
(42) संसाधनों के उपयोग बताओ ।
(43) पर्यावरण संरक्षण के उपाय बताइए ।
(44) मूल्य नियंत्रण क्यों अनिवार्य है ? समझाइए ।
(45) ग्राहक सुरक्षा में ग्राहक मंडलों की भूमिका स्पष्ट कीजिए ।
(46) भारत में महिलाओं के साथ किस प्रकार का भेदभाव पाया जाता है ?

विभाग - D

❖ **नीचे दिए गए कुल सात प्रश्नों में से किन्ही चार प्रश्नों के विस्तृत उत्तर लिखिए : (प्रश्न 47 से 53) (प्रश्न 54 नकशे का है जिसे करना अनिवार्य है । (प्रत्येक के 4 अंक)** [20]

(47) प्राचीन भारत में गणित में की गई प्रगति पर एक टिप्पणी लिखिए ।
(48) प्राचीन भारत में वैदिकविद्या और शैल्यचिकित्सा के महत्त्व को बताइए ।
(49) भारतीय कृषि के प्रकार बताइए ।
(50) कृषिक्षेत्र में हुए तकनीकी सुधार बताइए ।
(51) बेरोजगारी का अर्थ बताकर उसके मुख्य स्वरूपो की जानकारी दीजिए ।
(52) विश्व श्रम बाजार
(53) भारत में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए क्या उपाय किए गये है ?
(54) भारत के मातचित्र में निम्नलिखित विवरण को उचित स्थान पर व्यक्तिवाचक संज्ञा सहित अंकित करें।
(a) लेटेराइट जमीन (b) दचीगाम अभयारण्य (c) रबर का उत्पादन करने वाला कोई भी क्षेत्र
(d) लौहा-फौलाद उद्योग का कोई भी एक केन्द्र नाम के साथ **अथवा**

केवल दृष्टिहीन विद्यार्थियों के लिए है । (निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:)

(1) लेटेराइट जमीन भारत के किस राज्यों में स्थित है ?
(2) दचीगाम अभयारण्य भारत के किस राज्य में स्थित है ?
(3) रबर का सबसे ज्यादा उत्पादन किस राज्य में होता है ?
(4) भारत में लौहा फौलाद का उत्पादन होता हो ऐसे एक शहर का नाम लिखिए ।